बिहार लोक सेवा आयोग

सी.डी.पी.ओ. (प्रीलिम्स) परीक्षा

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी

सामान्य-ज्ञान

सॉल्वड पेपर्स

प्रधान सम्पादक

आनन्द कुमार महाजन

संपादन एवं संकलन

BPSC परीक्षा विशेषज्ञ समिति

सम्पादकीय कार्यालय

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

9415650134

Email : yctap12@gmail.com

website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com

© All rights reserved with Publisher

प्रकाशन घोषणा

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने printed by Digital से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

मूल्य : 295/-

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

विषय-सूची

बिहार पी.एस.सी. CDPO प्रीलिम्स परीक्षा

■ **बिहार पी.एस.सी. CDPO (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1998**
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र -- 1-12
(परीक्षा तिथि : 09.08.1998)

■ **बिहार पी.एस.सी. CDPO (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2005**
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र -- 13-25
(परीक्षा तिथि : 25.09.2005)

■ **बिहार पी.एस.सी. CDPO (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2018**
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र -- 26-40
(परीक्षा तिथि : 15.07.2018)

■ **बिहार पी.एस.सी. CDPO (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2021**
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र -- 41-64
(परीक्षा तिथि : 15.05.2022)

क्र.सं.	परीक्षा	विषय	अंक	परीक्षा की प्रकृति
1.	प्रारम्भिक परीक्षा	सामान्य ज्ञान – एक पत्र	150 अंक (2:00 घंटे)	वस्तुनिष्ठ
2.	मुख्य परीक्षा	अनिवार्य विषय 1. सामान्य हिन्दी 2. सामान्य अध्ययन पत्र–1 3. सामान्य अध्ययन पत्र–2 वैकल्पिक विषय 1. गृह विज्ञान 2. मनोविज्ञान 3. समाज शास्त्र 4. श्रम एवं समाज कल्याण (इनमें से किसी एक विषय का चयन)	100 अंक (3:00 घंटे) 300 अंक (3:00 घंटे) 300 अंक (3:00 घंटे) 300 अंक (3:00 घंटे)	विषयनिष्ठ
			100 अंक (3:00 घंटे)	

बिहार लोक सेवा आयोग (प्री.) परीक्षा 1998
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (CDPO)
सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 09.08.1998)

1. चन्हूदड़ों, हड़प्पा-संस्कृति से संबंधित एक स्थल है, जो स्थित है-

(a) सिंध में (b) पंजाब में
(c) गुजरात में (d) बहावलपुर में

Ans. (a) : चन्हूदड़ों वर्तमान में पाकिस्तान के सिन्ध प्रांत में स्थित है। यह सिन्धु नदी के बाएं तट पर स्थित है। इसकी खोज 1934 में अर्नेस्ट मैके, एन.जी. मजूमदार ने की। यहाँ से प्रमुख रूप से मनके बनाने का कारखाना, कांस्य गाड़ी, वक्राकार ईंट, लिपिस्टिक, बिल्ली का पीछा करते हुए कुत्ते का साक्ष्य प्राप्त हुआ है।

2. प्राचीन भारत में 'द्वितीय नगरीकरण' से संबंधित क्षेत्र था-

(a) सिंधु घाटी (b) गांगेय मैदान
(c) दक्षिणी तटवर्ती क्षेत्र (d) पश्चिमी तटवर्ती क्षेत्र

Ans. (b) : प्राचीन भारत में 'द्वितीय नगरीकरण' से संबंधित क्षेत्र गांगेय मैदान (उत्तरी काली पॉलिश के मृदभाण्ड वाले क्षेत्र) था। द्वितीय नगरीकरण का उद्भव महाजनपदों के आविर्भाव के साथ प्रारम्भ हुआ तथा मगध साम्राज्य की स्थापना में अपने चर्मोत्कर्ष पर पहुँच गया, समुन्नत खाद्य उत्पादन अर्थव्यवस्था गंगा की जलोढ़ मिट्टी पर सबसे पहले फैलती हुई दिखाई देती है जिससे न केवल उत्पदकों बल्कि शिल्प एवं व्यापार-वाणिजय क्षेत्र से जुड़े लोगों का भरण-पोषण संभव हुआ।

3. वत्स का राज्य स्थित था-

(a) इलाहाबाद के आसपास (b) उज्जैन के आसपास
(c) मेरठ के आसपास (d) वाराणसी के आसपास

Ans. (a) : वत्स महाजनपद वर्तमान प्रयागराज (इलाहाबाद) के क्षेत्र में स्थित था, इसकी राजधानी कौशाम्बी थी। बुद्धकाल में यहाँ पौरववंश का शासन था जिसका प्रसिद्ध शासक उदयन था। उदयन का प्रेम संबंध अवंति की राजकुमारी वासवदत्ता से था। उदयन को प्रसिद्ध बौद्ध भिक्षु 'पिण्डोला' ने बौद्ध मत में दीक्षित किया था। कौशाम्बी प्रसिद्ध व्यापारिक नगर भी था।

4. भरहूत एवं अमरावती सुप्रसिद्ध केंद्र थे-

(a) जैन धर्म के (b) शैव मत के
(c) बौद्ध धर्म के (d) भागवत् वाद के

Ans. (c) : भरहूत एवं साँची के स्तूप की स्थापना मौर्य शासक अशोक के शासनकाल में हुआ था। भरहूत बौद्ध स्तूप और कलाकृतियों के लिए प्रसिद्ध है। अशोक काल में भरहूत की ही तरह साँची स्तूप भी ईंटों से निर्मित था किन्तु शुंगकाल में इसे पाषाण से आच्छादित किया गया। अमरावती स्तूप का निर्माण सातवाहन के समय में हुआ था। अमरावती व भरहुत बौद्ध धर्म के प्रमुख केन्द्र भी थे।

5. ऐहोल में 'दुर्गा मंदिर' का निर्माण हुआ था-

(a) चोल काल में (b) चालुक्य काल में
(c) पल्लव काल में (d) सातवाहन काल में

Ans. (b) : चालुक्यों की मूल शाखा का उदय स्थल वातापी (आधुनिक बादामी) बीजापुर जिले के कर्नाटक में था। बादामी के चालुक्य वंश का संस्थापक पुलकेशिन प्रथम था। ऐहोल से रविकीर्ति द्वारा रचित जो अभिलेख मिला है उसमें कवि ने कालिदास और भारवि की बराबरी करने का दावा करता है।
ऐहोल को मन्दिरों का नगर कहा जाता है। दुर्गा मंदिर का निर्माण एक ऊँचे चबूतरे पर किया गया है तथा इसकी चिपटी छत जमीन से 30 फीट ऊँची है। गर्भगृह के ऊपर एक शिखर है तथा बरामदे में प्रदक्षिणापथ बनाया गया है।

6. इल्तुतमिश शासक था-

(a) तुगलक वंश का (b) गुलाम वंश का
(c) खिलजी वंश का (d) तुर्कशाही वंश का

Ans. (b) : इल्तुतमिश इल्बरी जनजाति का तुर्क था। वह कुतुबुद्दीन ऐबक का दास एवं दामाद भी था। इसे दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। इसने गुलाम वंश को सुदृढ़ बनाने के लिए चालीस सरदारों का एक गुट या संगठन बनाया जिसे 'तुर्कान-ए-चिहलगानी' कहा गया। इसने दिल्ली को अपनी राजधानी बनाया।

7. आगरा के निकट, फतेहपुर सीकरी का नगर निर्मित हुआ था-

(a) हुमायूँ के शासनकाल में
(b) शेरशाह सूरी के शासनकाल में
(c) अकबर के शासनकाल में
(d) शाहजहाँ के शासनकाल में

Ans. (c) : फतेहपुर सीकरी, आगरा से 40 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध नगर है। यह लाल बलुई पत्थर में बना एक विशाल निर्माण है जिसे मुगल बादशाह अकबर ने 1572 ई. में बनवाया था। इसकी इमारतों को दो भागों में बाँटा गया था, एक धार्मिक क्रियाकल्प से जुड़ी इमारते और दूसरी सामान्य थी। यहाँ पर जामा मस्जिद, बुलंद दरवाजा तथा शेख सलीम चिश्ती की मजार भी स्थित है।

8. 'कोस मीनार' है-

(a) एक स्मारक मीनार
(b) एक दूरी-निर्धारक
(c) एक विश्रामगृह
(d) मस्जिद के निकट स्थित एक मीनार

Ans. (b) : कोस मीनार अर्थात् दूरी मापने का एक पैमाना है। इसे मिलस्तंभ भी कहते है। इसका निर्माण कार्य अफगान शासक शेरशाह द्वारा प्रारम्भ किया गया। शेरशाह द्वारा निर्माण कराए गए ग्रांड ट्रंक रोड के किनारे हर कोस पर मीनारें बनवाई गई थी।

9. **द्वैध शासन, जिसके अंतर्गत प्रांतीय कार्यपालिका का दो भागों में विभाजन हुआ, प्रतिफल था-**
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1935 का
(b) मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों का
(c) मॉर्ले-मिन्टो सुधारों का
(d) साइमन आयोग का

Ans. (b) : 1919 ई. के अधिनियम को मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार कहते है क्योंकि इस अधिनियम के जन्मदाता भारत सचिव मॉटेग्यू और भारत में गवर्नर जनरल चेम्सफोर्ड थे। इस अधिनियम की मुख्य विशेषता- I. प्रांतों में उत्तरदायी सरकार की स्थापना के लिए द्वैध शासन व्यवस्था की शुरूआत II. प्रांतीय विषयों को दो भागों में विभाजित किया गया- क. आरक्षित विषय ख. हस्तांतरित विषय। आरक्षित विषय के अंतर्गत-कानून एवं व्यवस्था, वित्त, भू-राजस्व, सिचाई, खनिज संसाधन सम्मिलित थे जबकि हस्तांतरित विषय के अंतर्गत-शिक्षा, स्वास्थ्य, स्थानीय प्रशासन, उद्योग, कृषि सम्मिलित थे। III. लोकसेवा आयोग का गठन किया गया।

10. **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला वार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ-**
(a) 1886, बम्बई में (b) 1885, कलकत्ता में
(c) 1885, बम्बई में (d) 1886- दिल्ली में

Ans. (c) : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 में की गई थी। इसका पहला अधिवेशन बम्बई (वर्तमान मुम्बई) में (1885) कलकत्ता हाईकोर्ट के बैरिस्टर व्योमेश चन्द्र बनर्जी (डब्ल्यू.सी.) की अध्यक्षता में हुआ। इसमें कांग्रेस के 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पहले यह अधिवेशन पुणे में होने वाला था परन्तु वहाँ पर प्लेग फैलने के कारण बम्बई स्थानान्तरित कर दिया गया।

11. **कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की थी-**
(a) वारेन हेस्टिंग्स ने (b) लॉर्ड वेलेजली ने
(c) लॉर्ड कार्नवालिस ने (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना टीपू सुल्तान पर ब्रिटेन की निर्णायक विजय की उपलक्ष्य में 10 जुलाई को 'मार्केस ऑफ वेलेजली' ने 1800 ई. में कोलकाता में की थी। इस संस्था द्वारा संस्कृत, अरबी, फारसी, बंग्ला, हिन्दी आदि हजारों पुस्तकों का अनुवाद हुआ। यह कोलकाता में स्थित प्राच्य विधाओं एवं भाषाओं के अध्ययन का प्रमुख केन्द्र था। यह कॉलेज भारत में आने वाले नए ब्रिटिश युवकों को भारत की ज्ञान मीमांसा, व्याकरण, संस्कृति, ज्ञान (धार्मिक एवं प्रशासनिक) से परिचित करवाने का प्रमुख केन्द्र था।

12. **स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म हुआ था-**
(a) पंजाब में (b) गुजरात में
(c) दिल्ली में (d) बंगाल में

Ans. (b) : स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म गुजरात के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनके बचपन का नाम मूलशंकर था। 1875 में उन्होंने बाम्बे में 'आर्य समाज' की स्थापना की। उनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'सत्यार्थ प्रकाश' तथा प्रसिद्ध नारा 'वेदों की ओर लौटो था।' आर्य समाज का प्रमुख सामाजिक उद्देश्य-ईश्वर के प्रति पितृत्व एवं मानव के प्रति भ्रातृत्व की भावना, स्त्री-पुरुष के बीच समानता, सभी लोगों के बीच पूर्ण न्याय की स्थापना तथा सभी राष्ट्रों के मध्य सौहार्दपूर्ण व्यवहार था।

13. **'Poverty and Un-British Rule in India' नामक पुस्तक लिखी थी-**
(a) आर.सी. दत्त ने (b) रजनी पाम दत्त ने
(c) दादा भाई नौराजी ने (d) जवाहर लाल नेहरू ने

Ans. (c) : दादाभाई नौरोजी ब्रिटिशकालीन भारत के एक पारसी बुद्धिजीवी, शिक्षाशास्त्री एवं सामाजिक नेता थे। उन्हें भारत का वयोवृद्ध पुरूष (Grand old man of India) कहा जाता है। उन्होंने पावर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया नामक पुस्तक लिखी तथा गुजराती भाषा में 'राफ्त गुफ्तार' साप्ताहिक पत्र को निकाला। 1886 में फिन्सबरी क्षेत्र से पार्लियामेंट के लिए निर्वाचित हुए। वे 1886, 1893 व 1906 में 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' अधिवेशन की अध्यक्षता की।

14. **1905 ई. में विभाजन के पश्चात बंगाल एक प्रांत के रूप में पुनः एकीकृत हुआ-**
(a) 1908 में (b) 1910 में (c) 1911 में (d) 1912 में

Ans. (c) : 16 अक्टूबर 1905 को बंगाल को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया गया। पहले भाग में पूर्वी बंगाल तथा असम थे जबकि दूसरे भाग में शेष बंगाल था। ब्रिटिश सम्राट जार्ज पंचम के स्वागत में आयोजित दिल्ली दरबार में 12 दिसम्बर 1911 को सम्राट ने बंगाल विभाजन को रद्द घोषित कर दिया। बंगाल का एकीकरण 1912 में सम्पन्न हुआ।

15. **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में विभाजन हुआ, सूरत अधिवेशन में-**
(a) 1905 में (b) 1907 में (c) 1909 में (d) 1910 में

Ans. (b) : 26 दिसम्बर 1907 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन सूरत में हुआ जिसमें कांग्रेस विभाजित हो गई। इस अधिवेशन में नरम दल व गरम दल दोनों में अध्यक्ष पद के लिए मतभेद था। अंततः उदारवादी दल के डॉ. रास बिहारी घोष ने अध्यक्षता की। 1916 ई. में कांग्रेस के 'लखनऊ अधिवेशन' में पुनः दोनों दलों का आपस में विलय हो गया।

16. **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज को अपना लक्ष्य पहली बार घोषित किया-**
(a) लाहौर अधिवेशन में (b) अमृतसर अधिवेशन में
(c) बम्बई अधिवेशन में (d) करांची अधिवेशन में

Ans. (a) : 31 दिसम्बर 1929 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरु ने की। इसी अधिवेशन में कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज को अपना लक्ष्य घोषित किया। नेहरु ने कहा कि 'हमारा लक्ष्य सिर्फ स्वाधीनता प्राप्त करना है, हमारे लिए स्वाधीनता है, पूर्ण स्वतंत्रता। इसी दिन रावी (भारत-पाकिस्तान)' नदी के तट पर भारतीय स्वाधीनता का तिरंगा झंडा फहराया गया था। इसी अधिवेशन में 26 जनवरी 1930 को प्रथम स्वाधीनता दिवस मनाने का निश्चय किया गया।

17. **भगत सिंह सदस्य थे-**
(a) नेशल सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के
(b) हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के
(c) भारत रिपब्लिकन सोशलिस्ट आर्मी के
(d) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन सोशलिस्ट आर्मी के

Ans. (b) : शचीन्द्र नाथ सान्याल, योगेश चटर्जी, रामप्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र लाहिणी, चन्द्रशेखर आजाद आदि ने मिलकर 1924 में कानपुर में हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन नामक एक संगठन की स्थापना की। काकोरी काण्ड के पश्चात चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में सितंबर, 1928 को दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना हुई। इस संगठन का उद्देश्य भारत में एक समाजवादी गणतंत्रात्मक राज्य की स्थापना करना था। इस संगठन के सक्रिय सदस्यों में भगवती चरण वोहरा, शिववर्मा, भगत सिंह, सुखदेव आदि प्रमुख थे।

18. 'नील दर्पण' के लेखक थे-

(a) सुभाष चंद्र बोस (b) दीनबंधु मित्र

(c) शरत चंद्र चटर्जी (d) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

Ans. (b) : 'नीलदर्पण' नामक नाटक की रचना दीनबंधु मित्र ने की थी। यह पुस्तक 1860 में ढाका में प्रकाशित हुई थी। नीलदर्पण नामक पुस्तक में नील आंदोलन के समय कृषकों पर हुए अत्याचारों का चित्रण किया गया है। नील आंदोलन का नेतृत्व दिगम्बर विश्वास और विष्णु विश्वास ने किया था। नील विद्रोह भारतीय किसानों का पहला सफल विद्रोह था।

19. 'गदर पार्टी' के संस्थापक थे-

(a) बरकतुल्लाह खान (b) लाला हरदयाल

(c) लाला लाजपत राय (d) चंद्रशेखर आजाद

Ans. (b) : गदर पार्टी की स्थापना अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में नवम्बर 1913 में लाला हरदयाल और सोहन सिंह भॉकना के नेतृत्व में की गई। सोहनसिंह भाकना इसके संस्थापक अध्यक्ष तथा लाला हरदयाल महामंत्री थे। 'गदर' नामक पत्र के आधार पर ही पार्टी की स्थापना का उद्देश्य अंग्रेजी साम्राज्य को जड़ से उखाड़ फेकने के लिए किया गया।

20. लाला लाजपत राय संबंधित रहे थे-

(a) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से (b) आर्य समाज से

(c) (a) एवं (b) दोनों से (d) न (a) और (b) न से

Ans. (c) : लाला लाजपत राय को भारत के महान क्रांतिकारियों में गिना जाता है। ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल के प्रमुख नेता तथा पूरे पंजाब के प्रतिनिध थे। इन्हे 'पंजाब केसरी' की उपाधि दी गई थी। उन्होंने कानून की शिक्षा प्राप्त कर हिसार में वकालत प्रारंभ की किन्तु बाद में स्वामी दयानंद के सम्पर्क में आने के कारण वे आर्य समाज के प्रबल समर्थक बन गए। साइमन कमीशन के भारत आगमन के विरोध में हुए लाठीचार्ज द्वारा चोट लगने के कारण इनकी मृत्यु हो गई।

21. गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन का आह्वान किया-

(a) 1930 में (b) 1932 में

(c) 1933 में (d) 1935 में

Ans. (a) : महात्मा गाँधी ने 12 मार्च 1930 को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम से अपने 78 समर्थकों के साथ दांडी के लिए पद यात्रा प्रारंभ की तथा 24दिनों में 240 कि.मी. की पदयात्रा के पश्चात् 5 अप्रैल को दांडी पहुँचे। 6 अप्रैल 1930 को गांधीजी ने समुद्रतट पर मुट्ठी भर नमक उठाकर कानून को तोड़ा। यही से सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत हुई। इसके तहत निम्न गतिविधियाँ की गयी -(I) गाँव-गाँव में नमक कानून तोड़ा गया। (II) छात्र सरकारी स्कूलों और कर्मचारी सरकारी दफ्तर छोड़ दिया। (III) विदेशी कपड़ों को जलाया गया (IV) सरकारी सेवाओं, शिक्षा केन्द्रों एवं उपाधियों का बहिष्कार किया गया।

22. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया था-

(a) करांची में (b) कलकत्ता में

(c) लाहौर में (d) बम्बई में

Ans. (d) : 8 अगस्त 1942 को अखिल भारतीय कांग्रेस की बैठक बंबई (मुंबई) के ग्वालिया टैंक मैदान में हुई और 'भारत छोड़ो आंदोलन' के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। इस प्रस्ताव के तहत भारत में ब्रिटिश शासन की तत्काल समाप्ति, भारत में स्वतंत्रता तथा लोकतंत्र की स्थापना के लिए अत्यन्त आवश्यक है। भारत छोड़ो आंदोलन को 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन का प्रारंभ '9 अगस्त 1942' को गाँधीजी के आह्वान पर पूरे देश में एक साथ प्रारंभ हुआ। गाँधीजी ने 'करो या मरो' एवं 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा दिया।

23. कैबिनेट मिशन योजना में कौन प्रस्तावित नहीं था?

(a) भारतीय संघ का निर्माण

(b) अंतरिम सरकार की स्थापना

(c) संविधन सभा के लिए चुनाव

(d) पाकिस्तान का निर्माण

Ans. (d) : फरवरी 1946 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली की सरकार ने हाउस ऑफ लार्ड्स में कैबिनेट मिशन के गठन और भारत छोड़ने की घोषणा की। तीन ब्रिटिश कैबिनेट सदस्यों के मिशन जिसमें भारत सचिव लार्ड पैथिक लारेंस, बोर्ड ऑफ ट्रेड के अध्यक्ष सर स्टैफोर्ड क्रिप्स और नौसेना प्रमुख ए.वी. अलेक्जेंडर थे। 24 मार्च 1946 को यह मिशन दिल्ली पहुँचा। इस मिशन के प्रमुख प्रस्ताव (I) भारतीय संघ का निर्माण (II) संविधान सभा के सदस्यों का निर्वाचन जनता के द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से करना। 1945 में हुए शिमला सम्मेलन के बाद 16 मई 1946 को कैबिनेट मिशन योजना की घोषणा की गयी।

24. बंगाल विभाजन के विरोध में छेड़ा गया आंदोलन-

(a) स्वदेशी आंदोलन का

(b) असहयोग आंदोलन का

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन का

(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : स्वदेशी आंदोलन का प्रारंभ बंगाल विभाजन के विरोध में 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) के 'टाउन हाल' से हुआ तथा 'बहिष्कार प्रस्ताव' पास किया गया। 16 अक्टूबर 1905 को बंगाल विभाजन के लागू होने के साथ ही विभाजन प्रभावी हो गया। इस बहिष्कार आंदोलन के तहत उदारवादियों की अनुनय विनय की नीति को अस्वीकार करते हुए उसे उग्रवादियों ने 'राजनीतिक शिक्षावृत्ति' की संज्ञा दी।

25. 'दिल्ली चलो' का नारा संबंधित है-

(a) इंडियन नेशनल आर्मी से

(b) नेशनल रिपब्लिकन आर्मी से

(c) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन आर्मी से

(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : दिल्ली चलो का नारा इंडियन नेशनल आर्मी से सम्बन्धित है। इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापना मोहन सिंह ने सिंगापुर में की थी। रास बिहार बोस के निमंत्रण पर सुभाष चंद्र बोस 13 जून, 1943 को पूर्वी एशिया आए। उन्हें INA का नेता बनाया गया। जिसे आजाद हिन्द फौज कहा जाता है। 21 अक्टूबर, 1943 को सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में स्वंत्रत भारत की अस्थायी सरकार का गठन किया और 'दिल्ली चलो' का नारा दिया।

26. भारतीय संविधान लागू हुआ-

(a) 15 अगस्त, 1947 से (b) 28 नवम्बर, 1948 से

(c) 26 जनवरी, 1950 से (d) 26 जनवरी, 1952 से

Ans. (c) : भारतीय संविधान भारत का सर्वोच्च विधि है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर, 1949 को पारित हुआ तथा यह 26 जनवरी 1950 को पूर्ण रूप से लागू कर दिया गया। इस दिन को संविधान दिवस के रूप में भी जाना जाता है। संविधान निर्माण की प्रक्रिया में कुल 2वर्ष 11 माह 18 दिन लगे।

27. भारतीय संविधान की जिस धारा के अनुसार विधान सभा का गठन होता है, वह है-

(a) धारा 36 (b) धारा 270
(c) धारा 170 (d) धारा 256

Ans. (c) : भारतीय संविधान की अनुच्छेद 170 के तहत विधान सभा के गठन का प्रावधान किया गया है। इस अनुच्छेद के अनुसार- अनु. 333 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए प्रत्येक राज्य की विधान सभा उस राज्य में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने हुए 500 से अनधिक और 60 से अन्यून सदस्यों से मिलकर बनेगी।

28. विधान परिषद् के सदस्यों की न्यूनतम संख्या होती है-

(a) 20 (b) 40
(c) 30 (d) 96

Ans. (b) : विधान परिषद राज्य विधान मण्डल का उच्च सदन होता है। विधान परिषद के कुल सदस्यों की संख्या उस राज्य की विधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या के एक तिहाई से अधिक नहीं हो सकती, किन्तु किसी भी अवस्था में विधान परिषद के सदस्यों की कुल संख्या 40 से कम नहीं हो सकती - अनु0 [171(1), 171(2),]

29. वर्तमान में भारतीय संविधान में धाराओं की कुल संख्या है-

(a) 356 (b) 398
(c) 404 (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (d) : वर्तमान में भारतीय संविधान में कुल 395 अनुच्छेद और 12 अनुसूचियाँ है तथा यह 22 भागों में विभाजित है। संविधान निर्माण के समय मूल संविधान में कुल 395 अनुच्छेद तथा 8 अनुसूचियां थी और यह 22 भागों में विभाजित था।

30. भारतीय संविधान में संशोधन होता है-

(a) धारा 361 के अनुसार (b) धारा 368 के अनुसार
(c) धारा 386 के अनुसार (d) धारा 390 के अनुसार

Ans. (b) : भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 में संविधान का संशोधन करने की संसद की शक्ति और उसकी प्रक्रिया का वर्णन किया गया है। इस संविधान में किसी बात के होते हुए भी संसद अपनी संविधायी शक्ति का प्रयोग करते हुए संविधान के किसी उपबन्ध का परिवर्धन, परिवर्तन या निरसन के रूप में संशोधन कर सकेगी।

31. लोक सभा अध्यक्ष के पद पर चुने गए प्रथम दलित थे-

(a) शिवराज पाटिल (b) पी.ए. संगमा
(c) जी.एम.सी. बालयोगी (d) सरदार हुकुम सिंह

Ans. (c) : जी. एम.सी बालयोगी लोकसभा अध्यक्ष के पद पर चुने गये प्रथम दलित थे। इन्हें 12वीं लोकसभा का अध्यक्ष निर्वाचित होने और सर्वसम्मति से 13वीं लोकसभा का अध्यक्ष पुनः निर्वाचित होने का सम्मान प्राप्त है।

32. पृथ्वी के गोलाभ का 70% से अधिक भाग घिरा हुआ है-

(a) जल से (b) स्थल से
(c) वन से (d) हिमनदी से

Ans. (a) : पृथ्वी का लगभग 3/4 (70%) जल से घिरा हुआ है। उत्तरी गोलार्द्ध का 60.7% और दक्षिणी गोलार्द्ध का 80.9% भाग महासागरों से ढका हुआ है। पृथ्वी पर उपस्थित जल की कुल मात्रा का 97.5% जल महासागरों से है जो कि खारा है तथा 2.5% भाग स्वच्छ जल या मीठा जल है।

33. अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा गुजरती है-

(a) 0^o ग्रीनविच रेखा के अनुसार
(b) 180^o पूर्व देशांतर रेखा के अनुसार
(c) मध्य मेरीडियन के अनुसार
(d) रम्ब रेखा के अनुसार

Ans. (b) : अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा प्रशान्त महासागर के बीच में 180^0 देशान्तर पर उत्तर से दक्षिण की ओर खींची गयी काल्पनिक रेखा है। इस रेखा का निर्धारण 1884 में वाशिंगटन में सम्पन्न एक सम्मेलन में किया गया था। इस रेखा पर तिथि का परिवर्तन होता है।

34. पृथ्वी की छत स्थित है-

(a) साइबेरिया में (b) हिमालय में
(c) तिब्बती पठार में (d) आर्कटिका वृत्त में

Bihar CDPO (प्रा.) परीक्षा-1998

Ans. (c) : तिब्बत के पठार का चीनी नाम कोंगलिंग है, वहीं इसे पामीर पठार के नाम से जाना जाता है। पामीर मध्य एशिया में स्थित एक प्रमुख पठार एवं पर्वत शृंखला है जिसकी रचना हिमालय, तियनशान, काराकोरम, कुनलुन और हिंदुकुश शृंखलाओं के संगम से हुआ है। पामीर विश्व का सबसे ऊंचा पठार है जिसकी ऊंचाई 4875 मी. है। इसी कारण पामीर को 'विश्व की छत' कहा जाता है।

35. अग्निवृत्त को इस संदर्भ से भी जाना जाता है-

(a) एक सक्रिय ज्वालामुखी
(b) प्रशांत महासागर के तटीय क्षेत्रों के नवीन वलयाकृत पर्वत श्रेणियाँ
(c) पृथ्वी की तप्त गैसीय नाभी
(d) पृथ्वी की तप्त गैसीय परत

Ans. (a) : प्रशांत महासागर के पूर्वी तथा पश्चिमी तटों पर बड़ी संख्या में ज्वालामुखी पाये जाते है। यह एक विस्तृत पेटी है जिसे प्रशान्त महासागर का अग्निवलय कहते है। इस पेटी का विस्तार पूर्वी तट पर दक्षिणी अमेरिका के अन्तरीप हार्न से लेकर उत्तरी अमेरिका के अलास्का तक है। पश्चिमी तट पर इसका विस्तार एशिया के पूर्वी तट के साथ-साथ है। यहां यह जापान, फिलीपीन्स, तथा पूर्वी द्वीप समूह तक फैली हुई है।

36. 'टार्नेडो' पृथ्वी की एक भयंकर आंधी है, जो मुख्यतः उठती है-

(a) अमेरिका में (b) मध्य एशिया में
(c) चीन में (d) सभी स्थानों पर

Ans. (a) : टारनेडो एक भयंकर चक्रवात है जिससे मुख्यतः अमेरिका प्रभावित होता है। इसकी उत्पत्ति मेक्सिको की खाड़ी में होती है। इसे फटीजा स्केल पर मापा जाता है। इसके अलावा मेक्सिको की खाड़ी में हरिकेन चक्रवात की भी उत्पत्ति होती है।

37. हिमालय पर्वत जिन समानांतर पेटियों में विभाजित हैं, उनके नाम हैं-

(a) वृहत् हिमालय, लघु हिमालय एवं शिवालिक
(b) पश्चिम हिमालय, मध्य हिमालय तथा पूर्वी हिमालय
(c) काराकोरम, कैलाश पर्वत श्रेणियाँ, जंसकर पर्वत श्रेणियाँ तथा पीर पंजाल पर्वत श्रेणियाँ
(d) कुमाऊँ गढ़वाल हिमालय, असम हिमालय एवं उत्तर-पश्यिमी हिमालय

Ans. (a) : भारत के उत्तरी सीमा पर स्थित हिमालय पर्वत रचनात्मक रूप से नवीन वलित पर्वत है जिसका निर्माण यूरोपीय और भारतीय प्लेट के अभिसरण से टर्शियरी कल्प में हुआ था। हिमालय में उत्तर से दक्षिण क्रमशः वृहत हिमालय, मध्य हिमालय और शिवालिक हिमालय नाम की तीन समान्तर पर्वत श्रेणियां पायी जाती है। यह तीनों श्रेणियों भ्रंशों के द्वारा आपस में अलग होती है।

38. **हिमालय पर्वत की उत्पत्ति संबंधित है-**
(a) जटिल पर्वत समूह से
(b) अवशिष्ट पर्वत समूह से
(c) खंड पर्वत समूह से
(d) नवीन वलयाकृत पर्वत समूह से

Ans. (d) : हिमालय एक नवीन वलित पर्वतमाला है जिसके निर्माण में दबाव की शक्तियों अथवा समानान्तर भू-गतियों का अधिक हाथ है। यह पर्वत अभी भी निर्माणावस्था में है। यह पर्वत श्रेणी अनेक पर्वतों का समूह है। मुख्य श्रेणी को हिमालय श्रेणी के नाम से पुकारते हैं। भू-सन्नति की परतदार चट्टानों के पार्श्विक संपीडनात्मक बल के कारण मोड़दार पर्वत का निर्माण होता है।

39. **निम्नलिखित में से कौन सूर्य की परिक्रमा में सबसे कम समय लेता/लेती हैं?**
(a) वरुण (b) पृथ्वी
(c) बृहस्पति (d) शनि

Ans. (b) : उपर्युक्त ग्रहों में पृथ्वी, सूर्य की परिक्रमा करने में सबसे कम समय लगाती है। पृथ्वी को सूर्य की एक परिक्रमा पूरी करने में 365 दिन 6 घण्टे का समय लगता है। सूर्य के परितः पृथ्वी की इस परिक्रमा को पृथ्वी की वार्षिक गति कहते हैं तथा एक परिक्रमा करने में लगे समय को सौर वर्ष कहा जाता है। जबकि बुद्ध ग्रह सूर्य की परिक्रमा सबसे कम समय (88 दिन) में पूरा कर लेता है।

40. **पृथ्वी के भूपटल में सर्वाधिक है-**
(a) ऑक्सीजन (b) एल्यूमीनियम
(c) लौह (d) सिलिकॉन

Ans. (a) : पृथ्वी के भूपटल पर लगभग 100 से अधिक तत्व पाये जाते है किन्तु उसमें 8 तत्व ही महत्वपूर्ण है। पृथ्वी के भूपटल में सर्वाधिक आक्सीजन 46.8% पाया जाता है। इसके अतिरिक्त सिलिकान 27.72%, एल्युमिनियम 8.13% तथा लोहा 5% पाया जाता है।

41. **भारत में निम्नलिखित भौतिक विभाजन हैं-**
(a) पर्वत, पठार और मैदान
(b) मरुस्थल, वन और खेत
(c) प्रायद्वीप, ऊपरी प्रायद्वीप तथा हिमालय
(d) सिंधु-गंगा का मैदान, दक्षिणी पठार तथा पश्चिमी घाट

Ans. (a) : भूगर्भिक संरचना की विशेषताओं ने भारत के स्पष्ट वृहद् भाग प्रस्तुत किए हैं- दक्षिण का प्रायद्वीपीय पठार, उत्तर की विशाल पर्वतमाला और उत्तर भारत का विशाल मैदानी भाग।

42. **भारतीय मॉनसून का प्रारंभ होता है, बंगाल की खाड़ी में एक अवदाब के बनने से, लगभग-**
(a) 5 जून को (b) 15 जुलाई को
(c) 30 मई को (d) 30 जून को

Ans. (a) : दक्षिण-पश्चिम मानसून भारत के दक्षिण भाग में 1 जून को पहुँचता है। साधारणतः मानसून केरल के तटों पर 1 जून तक प्रकट होता है। यहाँ से उत्तर की ओर बढ़कर भारत के अधिकांश भागों में जून के अंत तक पूरी तरह फैल जाता है तथा 15 जुलाई तक सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप को प्रभावित कर देता है।

43. **नर्मदा नदी का प्रवाह निर्धारित है-**
(a) भ्रंश रेखा के साथ-साथ
(b) सतपुड़ा-महादेव के पर्वत-पाद के साथ-साथ
(c) भ्रंश घाटी क्षेत्र के साथ-साथ
(d) विंध्य पर्वत प्रदेश के साथ-साथ

Ans. (c) : नर्मदा नदी की उत्पत्ति अमरकंटक पहाड़ से होती है तथा यह भ्रंश घाटी में बहाव के साथ खंभात की खाड़ी में गिरती हे। इस नदी पर कपिलधारा और धुआँधार जल प्रपात स्थित है।

44. **भारत की काली मिट्टी का क्षेत्र प्रसिद्ध है-**
(a) तिलहन के लिए (b) मक्का के लिए
(c) कपास के लिए (d) गन्ना के लिए

Ans. (c) : काली मिट्टी को रेगुर अथवा कपास की मिट्टी भी कहते है। इस मिट्टी का विस्तार लगभग 5.46 लाख वर्ग किमी. क्षेत्र में है। यह मिट्टी महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों में पायी जाती है।

45. **सिद्दी जनजाति पाई जाती है-**
(a) गुजरात में (b) महाराष्ट्र में
(c) तमिलनाडु में (d) असम में

Ans. (a) : सिद्दी जनजाति गुजरात के प्रमुख आदिवासी समुदायों में से एक है। सिद्दी शब्द अरबी शब्द 'सय्यिद' या 'स्यादि' की व्युत्पत्ति है जिसका अर्थ है बंदी या दास।

46. **भारत में सबसे अधिक दूरी वाला यात्री रेल-मार्ग जोड़ता है-**
(a) मुम्बई एवं गुवाहाटी को
(b) कन्याकुमारी एवं जम्मूतवी को
(c) अमृतसर एवं चेन्नई को
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (d) : देश की सबसे लम्बी दूरी की ट्रेन डिब्रुगढ़-कन्याकुमारी विवेक एक्सप्रेस है। असम से चलने वाली यह गाड़ी दक्षिण के कन्याकुमारी तक की 4263 किमी की यात्रा 3 दिन में पुरा करती है।

47. **भारत में सर्वाधिक जनसंख्या-घनत्व वाला राज्य कौन है?**
(a) गोआ (b) पश्चिम बंगाल
(c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

Bihar CDPO (प्रा.) परीक्षा-1998

Ans. (d) : 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व 943 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है, जबकि भारत में सबसे ज्यादा जनसंख्या घनत्व बिहार 1106 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है उसके बाद बंगाल, केरल, उत्तर प्रदेश का स्थान है।

48. **भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आरंभ हुआ-**
(a) प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में
(b) द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में
(c) तृतीय पंचवर्षीय योजना काल में
(d) संप्तम पंचवर्षीय योजना काल में

Bihar CDPO (प्रा.) परीक्षा-1998

Ans. (a) : भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में 1952 ई0 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रथम योजना काल में ही राष्ट्रीय प्रसार सेवा की भी शुरूआत की गयी।

49. **1950 में भारत के योजना आयोग का गठन हुआ था-**
(a) संसद द्वारा पारित अधिनियम से
(b) राष्ट्रपति द्वारा निर्गत अध्यादेश से
(c) सरकारी आदेश से
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (c) : भारत के योजना आयोग के सम्बन्ध में कोई संवैधानिक प्रावाधान नहीं है। योजना आयोग की स्थापना केन्द्रीय मंत्रिमंडल के एक प्रस्ताव पर हुआ जो 15 मार्च 1950 को पारित किया गया था।

50. **भारत में सर्वाधिक संख्या में श्रमिक सक्रिय है-**
(a) चीनी उद्योग में (b) सूती वस्त्र उद्योग में
(c) पटसन उद्योग में (d) लौह एवं इस्पात उद्योग में

Ans. (b) : भारत का सबसे प्रमुख उद्योग सूती वस्त्र उद्योग है। सूती वस्त्र उद्योग में भारत की सर्वाधिक संख्या में श्रमिक लगे हुए है। कपड़ा उद्योग भारत में दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है। यह देश में 35 लाख से अधिक लोगों को सीधे रोजगार प्रदान करता है। सूती वस्त्र का भारतीय निर्यात में महत्वपूर्ण स्थान है।

51. **दुर्गापुर, भिलाई तथा राउरकेला इस्पात कारखानों की स्थापना हुई-**
(a) प्रथम पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत
(b) द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत
(c) तृतीय पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत
(d) संप्तम पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत

Ans. (b) : भारत में दुर्गापुर, भिलाई तथा राउरकेला इस्पात कारखाने की स्थापना द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत किया गया था। द्वितीय पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 1956 से 1961 रहा है। इस योजना में नेहरू - महालनोबिस मॉडल को अपनाया गया था। योजना का मुख्य उद्देश्य भारी उद्योगों और खनिजों पर विशेष बल देना था।

52. **भारतीय रिजर्व बैंक निर्गत करता है-**
(a) सभी मूल्यों के करेन्सी नोट
(b) एक रुपए के अतिरिक्त, सभी मूल्यों के करेन्सी नोट
(c) एक सौ रुपए के अतिरिक्त, सभी मूल्यों के करेन्सी नोट
(d) केवल दस रुपए से अधिक मूल्य वाले करेन्सी नोट

Ans. (b) : भारत में नोट निर्गत करने का अधिकार रिजर्व बैंक को है। रिजर्व बैंक एक रुपये के नोट को छोड़कर सभी मूल्यों के करेंसी नोट को निर्गत करता है। एक रुपए का नोट वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।

53. **भारत में औसत जोत का आकार है-**
(a) 1.82 हेक्टेयर (b) 2.5 हेक्टेयर
(c) 5 हेक्टेयर (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (d) : कृषि जनगणना के अनुसार भारत में औसत जोत का आकार 1.08 हेक्टेयर है। भारत में सर्वाधिक औसत जोत नागालैण्ड (5.06 हेक्टेयर) है इसके बाद अरुणांचल प्रदेश (3.35 हेक्टेयर) व हरियाणा (2.2 हेक्टेयर) है।

54. **भारत में राजकीय आय का सबसे बड़ा स्त्रोत है-**
(a) विक्रय कर (b) आय कर
(c) उत्पाद शुल्क (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (d) : प्रश्नकाल के दौरान भारत में राजकीय आय का सबसे बड़ा स्त्रोत निगम कर था। इसके बाद आयकर, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर का स्थान था। बजट 2023-24 के अनुसार राज्य के आय का सबसे बड़ा स्रोत उधार एवं अन्य देयताएं हैं।

55. **भारत में सबसे पुराना वृहत्तर उद्योग है-**
(a) लौह एवं इस्पात (b) पटसन
(c) सूती-वस्त्र (d) कागज

Ans. (c) : भारत में सूती वस्त्र उद्योग प्राचीन हड़प्पा काल से आस्तित्व में है जबकि आधुनिक काल में सूती वस्त्र का प्रथम कारखाना 1818 में फोर्ट ग्लास्टर (कोलकाता) में स्थापित हुआ।

56. **नौंवी पंचवर्षीय योजना का काल है-**
(a) 1995-2000 (b) 1996-2001
(c) 1997-2002 (d) 1998-2003

Ans. (c) : 9वीं पंचवर्षीय योजना 1997-2002 की अवधि में चालू की गयी थी। इसका लक्ष्य रोजगार, कीमत स्थिरीकरण तथा मानव संसाधनों की वृद्धि करना था।

57. **ग्यारहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष हैं-**
(a) यशवंत सिन्हा (b) ए.एम. खुसरो
(c) जसवंत सिंह (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (b) : भारत में 11वें वित्त आयोग के अध्यक्ष ए.एम.खुसरो थे जिन्होने वर्ष 2000-2005 के लिए अपनी अनुशंसा दी। वित्त आयोग का गठन अनुच्छेद 280 के तहत राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है। 15वें वित्त आयोग का कार्यकाल 2020-25 तक है। इस वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री एन.के.सिंह. है।

58. **गामा किरणें हैं-**
(a) उच्च ऊर्जा वाली विद्युत चुम्बकीय तरंगें
(b) उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन
(c) निम्न ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन
(d) उच्च ऊर्जा वाले पॉजिट्रॉन

Ans. (a) : गामा किरणें अति उच्च ऊर्जा वाली विद्युत चुम्बकीय विकिरण या फोटान है। इनकी वेधन क्षमता अल्फा और बीटा किरणों के मुकाबले अधिक होती है। ये किरणें गैस को आयनीकृत कर देती है। सन् 1896 में फ्रांसीसी वैज्ञानिक हेनरी बेकुरल ने गामा किरणों की खोज की। ये किरणें विद्युत उदासीन होती है।

59. **नाभिकीय ऊर्जा, परिवर्तन है-**
(a) यूरेनियम का कणों में (b) पिण्ड का ऊर्जा में
(c) प्रोटॉन का न्यूट्रॉन में (d) प्रोटॉन का इलेक्ट्रॉन में

Ans. (b) : किसी रेडियोएक्टिव तत्व के नाभिक में होने वाले परिवर्तनों के दौरान नाभिक के द्रव्यमान में होने वाली क्षति का ऊर्जा में परिवर्तन के परिणाम स्वरूप प्राप्त ऊर्जा की कुल राशि नाभिकीय ऊर्जा कहलाती है। नाभिकीय ऊर्जा नाभिकीय विखण्डन और नाभिकीय संलयन प्रक्रिया से उत्पन्न होती है।

60. **जिन धातुओं को पीटकर पत्तर का रूप दिया जा सकता है, वह कहलाती है-**
(a) लचीली (b) सुनम्य
(c) तन्य (d) भुरभुरी

Ans. (c) : सामान्यतः धातु को पीटकर पतली चादरों में परिवर्तित किया जा सकता है जिसे अघातवर्ध्य कहा जाता है, जैसे सोना और चांदी। इसी तरह के धातु तन्य होते है। फलतः इन्हें लम्बा तार के रूप में खींचा जा सकता है। जैसे 1 ग्राम सोने से 200 मीटर लम्बा तार खींचा जा सकता है।

61. **निम्नांकित में से किसका और अधिक विभाजन नहीं किया जा सकता है?**
(a) अणु (b) मिश्रण
(c) यौगिक (d) तत्व

Ans. (a) : अणु किसी पदार्थ का वह सूक्ष्मतम कण होता है जो स्वतंत्र अवस्था में रह सकता है परन्तु रासायनिक अभिक्रियाओं में भाग नहीं ले सकता है। इसमें पदार्थ के सभी गुण विद्यमान होते है। इसका और अधिक विभाजन नहीं किया जा सकता है।

62. एक उत्प्रेरक-

(a) रासायनिक प्रतिक्रिया की दर को बढ़ा नहीं सकता है
(b) रासायनिक प्रतिक्रिया की दर को घटा सकता है
(c) रासायनिक प्रतिक्रिया की दर को घटा या बढ़ा सकता है
(d) रासायनिक प्रतिक्रिया की दर को बढ़ा सकता है

Ans. (c) : एक उत्प्रेरक की उपस्थिति में रासायनिक प्रतिक्रिया की दर अधिक या कम हो जाती है। उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रतिक्रिया की संक्रियण ऊर्जा और क्रियाविधि बदल जाती है।

63. कॉपर सल्फेट का घोल, जल में

(a) नीले लिटमस को लाल बना देता है
(b) लाल लिटमस को नीला बना देता है
(c) लिटमस कागज पर कोई प्रभाव नहीं रखता है
(d) बेरंग होता है

Ans. (a) : नीलाथोथा या कापर सल्फेट एक अकार्बनिक यौगिक है जिसका रासायनिक सूत्र $CuSO_4$ होता हे। इसे क्यूप्रिक सल्फेट भी कहते हैं। इसका जलीय विलयन अम्लीय होने के कारण नीले लिटमस को लाल कर देता है।

64. एसीटिक अम्ल एक कमजोर अम्ल है, क्योंकि-

(a) यह एक कार्बनिक आमिश्र है
(b) इसका आयोनियन निम्न है
(c) यह एक सहसंयोजक आमिश्र है
(d) यह जल में घुलनशील है

Ans. (b) :एसिटिक अम्ल जिसे एथेनोइक अम्ल के नाम से भी जाना जाता है, एक कार्बनिक अम्ल है। जिसकी वजह से सिरका में खट्टा स्वाद और तीखी खुशबू आती है। इसका रासायनिक सूत्र CH_3COOH होता है। यह एक कमजोर अम्ल है क्योंकि इसके जलीय विलयन में यह अम्ल केवल आंशिक रूप से विभाजित होता है।

65. एक त्रिआधारी अम्ल का अणु भार 176 है। इसका समतुल्य (Equivalent) भाग होगा-

(a) 176 (b) 88 (c) 58.66 (d) 352

Ans. (c) : $\text{तुल्यांकी भार} = \dfrac{\text{यौगिक का अणुभार}}{\text{संयोजकता}}$

[त्रिआयामी अम्ल के लिए n = 3]

$$= \frac{176}{3} = 58.66$$

66. तांबे की मिश्रधातु है-

(a) डुरालूमिन (b) पीतल
(c) मैंगनेलियम (d) इस्पात

Ans. (b) : प्रकृति में तांबा मुक्त अवस्था अथवा संयुक्तावस्था दोनों में पाया जाता है। संयुक्तावस्था में वह मुख्यतः सल्फाइड, आक्साइड और कार्बोनेट अयस्कों के रूप में पाया जाता है। तांबे की मिश्रधातुएं-पीतल, कांसा, गन मेटल आदि है।

67. चित्र खींचने में जिस धातु के हैलाइड का प्रयोग होता है, वह-

(a) तांबा है (b) सोडियम है
(c) चांदी है (d) कैल्सियम है

Ans. (c) : चांदी एक चमकीली व बहुमूल्य धातु है। इसका परमाणु क्रमांक 47 व परमाणु द्रव्यमान 107.9 होता है। यह एक तन्य धातु है तथा इसका उपयोग तार व आभूषण बनाने में होता है। चांदी विद्युत व ऊष्मा की सर्वाधिक सुचालक धातु है। चांदी के हैलाइडों (सिल्वर ब्रोमाइड) का उपयोग फोटोग्राफी में किया जाता है।

68. जर्मन सिल्वर में सम्मिलित है-

(a) Cu एवं Zn (b) Cu, Fe एवं Zn
(c) Cu, Zn एवं Ni (d) Cu, Snएवं Pb

Ans. (c) : जर्मन सिल्वर तांबा, जस्ता और निकिल का मिश्रधातु है। इसमें 60% तांबा, 20% निकिल तथा 20% जस्ता होता है। इसे निकिल रजत के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यह चांदी जेसा दिखता है किन्तु इसमें चांदी नहीं होता। जर्मन सिल्वर से बर्तन तथा मूर्तियां बनायी जाती है।

69. सीसा-संचालकों में प्रयुक्त अम्ल होता है-

(a) HCI (b) HNO_3
(c) H_2SO_4 (d) CH_3COOH

Ans. (c) : सीसा - संचालकों में प्रयुक्त अम्ल H_2SO_4 होता है। इस सेल में Pb, Sb के बने दो इलेक्ट्रोड होते हैं। इनमें से एक में स्पंजी लेड (Pb) व दूसरे में (PbO_2) भरा होता है। इन्हें क्रमशः एनोड व कैथोड नाम से जाना जाता है। दोनों इलेक्ट्रोडों को H_2SO_4 के विलयन में डुबा देते है। इस प्रकार बने एक सेल से 2 Volt की विद्युत धारा प्राप्त होती है।

70. पित्त का उत्सर्जन होता है-

(a) अग्नयाशय द्वारा (b) यकृत द्वारा
(c) तिल्ली द्वारा (d) उदर द्वारा

Ans. (b) : : पित्त का उत्सर्जन यकृत द्वारा होत है। यकृत मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रन्थि है। इसके निचले भाग में नाशपाती के आकार की एक छोटी सी थैली होती है जिससे पित्ताशय कहते हैं। यकृत द्वारा स्रावित पित्त रस पित्ताशय में ही संचित होता है जो आंत में उपस्थित एंजाइमों की क्रिया को तीव्र कर देता है।

71. प्रकाश रासायनिक प्रतिक्रिया-

(a) प्रकाश द्वारा उत्प्रेरित होती है
(b) प्रकाश द्वारा प्रारंभ होती है
(c) प्रकाश के उत्सर्जन सहित होती है
(d) ऊष्मा ऊर्जा को प्रकाश ऊर्जा में परिवर्तित करने में प्रयोग होती है

Ans. (b) प्रकाश रसायन के अन्तर्गत वे सभी रासायनिक क्रियाएं आ जाती है जिनके होने के लिए प्रकाश प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष कारक होता है। प्रकाश रसायन प्रतिक्रिया में उन्हीं प्रकाश तरंगों के प्रभाव का अध्ययन किया जाता है जिनके द्वारा विघटन या सक्रियण होता है।

72. हृदय रोगियों को अधिक मात्रा में नहीं लेना चाहिए-

(a) कार्बोहाइड्रेट्स (b) प्रोटीन
(c) गंधक (d) वसा

Ans. (d) : हृदय रोगियों को अधिक मात्रा में वसा नहीं लेना चाहिये। इसका मुख्य कारण यह है कि दिल में खून का प्रवाह करने वाली धमनी में वसा जमा हो जाती है जिसके कारण दिल की धमनियां संकरी हो जाती है। दिल में खून का प्रवाह कम हो जाता है।

73. निम्नलिखित में से किसमें कोबाल्ट होता है?

(a) क्लोरोफिल (b) हीमोग्लोबिन
(c) विटामिन C (d) विटामिन B_{12}

Ans. (d) : विटामिन B_{12} में कोबाल्ट धातु पाया जाता है। इस विटामिन का रासायनिक नाम साएनोकोबालामिन है। यह जल में घुलनशील विटामिन है। यह विटामिन रक्त की उत्पत्ति में सहायक होता है। यह लाल रक्त कणों की परिपक्वता के लिए आवश्यक प्रोटीन का संश्लेषण करता है। मानव शरीर में इसकी कमी से अरक्तता रोग हो जाता है।

74. 'जीव विज्ञान का पिता' कहलाता है-

(a) हाइमन (b) अरस्तू
(c) लेमार्क (d) लियानस

Ans. (b) : जीव विज्ञान को विज्ञान की एक शाखा के रूप में स्थापित करने का श्रेय अरस्तू को जाता है। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में खास तौर से जीव-विज्ञान के क्षेत्र में काफी अध्ययन किया। इस कारण अरस्तू को जीव-विज्ञान का जनक कहा जाता है।

75. सबसे विशाल जीवित स्तनपायी है-

(a) हाथी (b) ऊंट
(c) नीली ह्वेल (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (c) : सबसे विशाल जीवित स्तनपायी नीली व्हेल है। यह एक समुद्री स्तनपायी जीव है। इसकी लम्बाई 30 मी. तक तथा वजन 173 टन दर्ज किया गया है। यह वर्तमान में अस्तित्व में रहने वाले जानवरों में सबसे बड़ा जानवर है।

76. 20 नवम्बर, 1997 को छोड़े गए अमेरिकी स्पेश शटल का नाम था-

(a) कोलम्बिया (b) सर्वेयर
(c) पाथफाइन्डर (d) प्रॉस्पेक्टर

Ans. (a) : 20 नवम्बर, 1997 को छोड़े गये अमेरिका स्पेश शटल का नाम कोलम्बिया है। भारत की अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला ने अपने पहले अंतरिक्ष मिशन के तहत नवम्बर, 1997 में कोलम्बिया अंतरिक्ष यान STS-87 से उड़ान भरी। इस यात्रा के दौरान उन्होंने 376 घण्टे 34 मिनट अंतरिक्ष में बिताये और धरती के 252 चक्कर लगाये।

77. 5 अक्टूबर, 1997, को निरस्त्र किए गए भारतीय उपग्रह का नाम था-

(a) इनसेट-2D (b) इनसेट-1A
(c) इनसेट-1C (d) इनसेट-2DT

Ans. (a) : INSAT-2D को 4 जून, 1997 को लान्च किया गया था लेकिन 4 अक्टूबर 1997 को पावर बस विसंगति की समस्या के कारण इस उपग्रह का संचालन बन्द कर दिया गया और इसका स्थान ARABSAT-1C ने ले लिया।

79. केसरिया सुप्रसिद्ध है-

(a) पाल-सेन तक्षणकला के लिए
(b) बौद्ध स्तूप के लिए
(c) विष्णु मंदिर के लिए
(d) सूफी दरगाह के लिए

Ans. (b) : केसरिया पूर्वी चंपारण जिले में स्थित एक महत्वपूर्ण बौद्ध स्थल है। यह पुरातात्विक महत्व का महत्वूपर्ण बौद्धस्थल है। सम्राट अशोक ने यहां एक स्तूप का निर्माण कराया था। इसे विश्व का सबसे बड़ा स्तूप माना जाता है।

80. कुम्हार स्थल संबंधित है, प्राचीन

(a) पाटलिपुत्र से (b) चम्पा से
(c) अंग से (d) राजगीर से

Ans. (a) : कुम्हार स्थल प्राचीन पाटलिपुत्र से संबंधित स्थल है। यहां की खुदाई से मौर्यकाल के भग्नावशेष प्राप्त हुये है। यहां से मौर्यकालीन राज प्रसाद का भग्नावेश प्राप्त हुआ है। यह पटना रेलवे स्टेशन से 5 किमी पूर्व में स्थित है।

81. चम्पारण प्रसिद्ध है एक आंदोलन के कारण, जिसका संबंध था-

(a) कुंवर सिंह से (b) महात्मा गांधी से
(c) बिरसा मुंडा से (d) राजेन्द्र प्रसाद से

Ans. (b) : गांधी जी के नेतृत्व में बिहार के चंपारण जिले में सन् 1917 में एक सत्याग्रह हुआ जिसे चंपारण सत्याग्रह के नाम से जाना जाता है।
गांधी जी के नेतृत्व में भारत में किया गया यह पहला जनांदोलन था जो बिहार के नील किसानों से सम्बन्धित था। गांधीजी को चंपारण लाने में राजकुमार शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

82. थावे का तीर्थस्थल जिस जिले में स्थित है, वह है-

(a) गोपालगंज (b) सीवान
(c) सारण (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : थावे, बिहार के गोपालगंज जिले का एक गांव है। यहां पर एक प्रसिद्ध दुर्गा देवी मन्दिर स्थित है। यह गोपालगंज से 6 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। इस मंदिर का निर्माण हथुआ राजा द्वारा किया गया था।

83. 1763 ई. में पटना स्थित अंग्रेजों की फैक्ट्री पर अधिकार किया था-

(a) नवाब सिराजुद्दौला ने (b) नवाब मीर जाफर ने
(c) नवाब मीर कासिम ने (d) शाह आलम द्वितीय ने

Ans. (c) : 1763 में पटना स्थित अंग्रेजों की फैक्टरी पर नवाब मीर कासिम ने अधिकार कर लिया था। अधिकार के इस क्रम में अंग्रेजों तथा मीर कासिम के बीच भीषण युद्ध हुआ था जिसमें कई अंग्रेज मारे गये थे।

84. 13वीं शताब्दी में, बंगाल के प्रांतपति गियासुद्दीन ने युद्ध किया था-

(a) तिरहूत के राजा से (b) सारण के राजा से
(c) चेरो सरदारों से (d) उज्जैनिया सरदारों से

Bihar CDPO (प्रा.) परीक्षा-1998

Ans. (a) : 18वीं शताब्दी में बंगाल के प्रांतपति गयासुद्दीन ने तिरहूत के राजा से युद्ध किया था। आगे चलकर गयासुद्दीन ने बंगाल विजय कर बंगाल को दिल्ली सल्तनत का भाग बनाया गया।

85. गांधी जी ने 1917 में चम्पारण की यात्रा की थी-

(a) राजकुमार शुक्ल के अनुरोध पर
(b) राजेन्द्र प्रसाद के अनुरोध पर
(c) राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल के अनुरोध पर
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : 1916 ई. में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेश में चम्पारण के किसान नेता राजकुमार शुक्ल ने किसानों की समस्या को लेकर महात्मा गांधी से मिले तथा उनसे चम्पारण आने का आग्रह किया।

86. चम्पारण सत्याग्रह के दैरान, गांधी पर मुकदमा चलाया गया-

(a) पटना में (b) मोतिहारी में
(c) बेतिया में (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (b) : चम्पारण के किसानों की समस्या को जानने के लिए गाँधीजी 15 अप्रैल 1917 को मोतिहारी पहुँचे। चम्पारण के कमिश्नर ने गाँधीजी को चम्पारण से जाने का आदेश दिया, परन्तु गाँधीजी द्वारा आदेश न मानने के कारण गाँधीजी पर मोतिहारी में मुकदमा दर्ज किया गया।

87. बिहार में बिहपुर की घटना का संबंध है-
(a) साम्प्रदायिक रंगों से
(b) सत्याग्रह आंदोलन से
(c) भारत छोड़ो आंदोलन से
(d) मुस्लिम लीग के अधिवेशन से

Ans. (b) : भागलपुर जिला के 'बिहपुर' में सत्याग्रही स्वयः सेवको पर दमन चक्र के विरोध में 9 जून 1930 को डा. राजेन्द्र प्रसाद अपने सहयोगियों के साथ बिहपुर पहुँचे एवं सभा को संबोधित किया।

88. 1921 में गांधी जी ने पटना में उद्घाटन किया था-
(a) बिहार विद्यापीठ का (b) बिहार नेशनल कॉलेज का
(c) (a) एवं (b) दोनों का (d) न (a) और न (b) का

Ans. (a) : महात्मा गाँधी 6 फरवरी 1921 को पटना में बिहार विद्यापीठ का उद्घाटन किए। इसकी स्थापना राज्य में भारतीय विशिष्टता, ग्राम अर्थव्यवस्था और देशभक्ति के विचारों पर केंद्रित शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए हुई थी।

89. बिहार छात्र परिषद् को संगठित किया था-
(a) राजेन्द्र प्रसाद ने (b) ब्रज किशोर प्रसाद ने
(c) महेश नाराण ने (d) हसन इमान ने

Ans. (a) : बिहार छात्र परिषद की स्थापना डा. राजेन्द्र प्रसाद के प्रयासों से हुई। डा. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष थे तथा संविधान के लागू होने के बाद वे भारत के पहले राष्ट्रपति बने।

90. सदाकत आश्रम की स्थापना की थी-
(a) राजेन्द्र प्रसाद ने (b) मजहरूल हल ने
(c) ब्रज किशोर प्रसाद ने (d) फखरूद्दीन ने

Ans. (b) : सदाकत आश्रम की स्थापना मजरूल हक ने हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक के रूप में की थी। इसी स्थान से बिहार में स्वतंत्रता आंदोलन का संचालन होता था राजेन्द्र प्रसाद ने अपना अंतिम समय यही पर व्यतित किया।

91. स्वामी सहजानंद नेता थे-
(a) जनजातीय लोगों के (b) किसानों के
(c) जमींदारों के (d) मजदूरों के

Ans. (b) : स्वामी सहजानंद सरस्वती भारत के राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वे भारत में किसान आंदोलन के जनक थे। ये बुद्धजीवी, लेखक, समाजसुधारक एवं किसान नेता थे।

92. भारत छोड़ो आंदोलन के क्रम में 11 अगस्त, 1942 को पटना में पुलिस गोलीकांड में मरने वाले छात्रों की संख्या थी-
(a) 10 (b) 7
(c) 4 (d) 2

Ans. (b) : भारत छोड़ो आंदोलन के क्रम में 11 अगस्त, 1942 को पटना में पुलिस गोलीकांड में मरने वाले छात्रों की संख्या 7 थी। यह घटना उस समय घटी जब छात्रों का एक दल पटना स्थित सचिवालय भवन के सामने झण्डा फहराने का प्रयास किया।

93. बिहार में आजाद दस्ता सक्रिय रहा-
(a) असहयोग आंदोलन के दौरान
(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान
(c) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान
(d) चम्पारण सत्याग्रह के दौरान

Ans. (c) : बिहार में आजाद दस्ता भारत छोड़ों आन्दोलन के दौरान सक्रिय रहा। बिहार प्रांतीय आजाद दस्ते का नेतृत्व सूरज नारायण सिंह के अधीन था। भारत सरकार के दबाव में मई 1943 में जय प्रकाश नारायण, डॉ लोहिया, रामवृक्ष बेनीपुरी आदि नेताओं को गिरफ्तार किया गया।

94. भारत की स्वतंत्रता के बाद, बिहार के पहले राज्यपाल थे-
(a) माधव श्रीहरि अणे (b) श्रीकृष्ण सिंह
(c) आर.आर. दिवाकर (d) जयराम दास दौलतराम

Ans. (d) : भारत की स्वतंत्रता के बाद बिहार के पहले राज्यपाल जयरामदास दौलतराम थे। इन्होंने 15 अगस्त 1947 से 11 जनवरी 1948 तक बिहार के राज्यपाल रहे। इसके बाद ये असम के राज्यपाल भी बने।

95. उड़ीसा बिहार से पृथक हुआ-
(a) 1911 में (b) 1936 में
(c) 1937 में (d) 1947 में

Ans. (b) : बिहार और उड़ीसा दोनों ब्रिटिश प्रांत थे। सबसे पहले 1912 में बंगाल से अलग कर बिहार व उड़ीसा को प्रांत के रूप में स्थापित किया गया। इसके बाद 22 मार्च 1936 को उड़ीसा, बिहार से पृथक हुआ।

96. पटना उच्च न्यायालय की स्थापना हुई थी-
(a) 1921 में (b) 1916 में
(c) 1917 में (d) 1919 में

Ans. (b) : पटना उच्च न्यायालय भारत के बिहार प्रांत का उच्च न्यायालय है। यह 3 फरवरी 1916 को पटना में स्थापित किया गया था। अप्रैल 2019 से इस उच्च न्यायालय में हिंदी में भी याचिकाएँ स्वीकार की जाने लगी।

97. बिहार में ग्राम पंचायतों का अंतिम चुनाव हुआ था-
(a) 1997 में (b) 1991 में
(c) 1978 में (d) 1985 में

Ans. (c) : बिहार में ग्राम पंचायतों का अंतिम चुनाव 1978 ई. में हुआ था। इसके बाद लगभग 23 वर्षो के पश्चात 2001 में चुनाव हुआ। तबसे लगातार अपने निर्धारित समय पर नियमित रूप से यह चुनाव कराया जा रहा है।

98. झारखंड क्षेत्र स्वशासी परिषद् का गठन हुआ-
(a) 1993 में (b) 1994 में
(c) 1995 में (d) 1996 में

Ans. (c) : झारखंड क्षेत्र स्वायत्तशासी परिषद गरीब आदिवासियों के हितों की रक्षा और गैरआदिवासी बाहरी लोगों के विरोध के लिए निर्मित एक परिषद है। इसका निर्माण 1995 में किया गया था।

99. बिहार में प्रमंडलों की कुल संख्या है-
(a) 9 (b) 12
(c) 13 (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : बिहार में 9प्रमंडल (कमिशनरी) 38 जिले (मंडल) 101 अनुमंडल, 534 प्रखंड, 8471 पंचायत और 45103 गाँव है।

100. बिहार के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना में प्रस्तावित खर्च की कुल राशि थी-
(a) 10,000 करोड़ रूपए (b) 13,000 करोड़ रूपए
(c) 15,000 करोड़ रूपए (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (b) : 8वीं पंचवर्षीय योजना में बिहार के लिए प्रस्तावित खर्च की कुल राशि 13000 करोड़ रुपए था जबकि 12वीं पंचवर्षीय योजना में यह खर्च बढ़कर 67000 करोड़ रुपए हो गया था।

101. 1991 की जनगणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या है-

(a) लगभग 8.64 करोड़ (b) लगभग 8.46 करोड़
(c) लगभग 84.6 करोड़ (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (d) : जनगणना 2011 के अनुसार बिहार राज्य की कुल जनसंख्या-10,40,99,452 है। इसमें पुरुषों की संख्या 54,278,157 है तथा महिलाओं की कुल संख्या- 49,821,295 है। बिहार की कुल जनसंख्या भारत की कुल जनसंख्या का 8.58% है। उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के बाद बिहार तीसरा सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है।

102. देश की खनिज सम्पदा में बिहार का अंश है, लगभग-

(a) 36% (b) 60%
(c) 16% (d) 40%

Ans. (d) : प्रश्नकाल के दौरान बिहार देश के कुल खनिज संपदा का 40% भाग उत्पादन करता था। वर्ष 2000 में राज्य के विभाजन के बाद बिहार का 90% से अधिक खनिज संपदा झारखण्ड में चला गया। अतः अब बिहार में नाममात्र का खनिज संसाधन रह गया है।

103. बिहार में कुल उपलब्ध भूमि का कितना प्रतिशत खेती में काम आता है?

(a) 50% (b) 65%
(c) 70% (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (d) : बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है। यहां कृषि योग्य भूमि 80% से अधिक है जिसमें शुद्ध बोया गया क्षेत्र 57% से अधिक है बिहार का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 93.60 लाख हेक्टेयर है, जिसमें 76.72 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सकल बुआई क्षेत्र के अंतर्गत आता है। परन्तु केवल 52.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र पर ही कृषि की जाती है।

104. बिहार में साक्षरता की दर है, लगभग-

(a) 28% (b) 32%
(c) 38% (d) 42%

Ans. (c) : प्रश्नकाल के दौरान 1991 की जनगणना के अनुसार बिहार की साक्षरता दर 38% थी। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार की साक्षरता दर 61.8% है। साक्षरता की दृष्टि से बिहार देश के राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में अंतिम स्थान पर है। बिहार राज्य में पुरुष साक्षरता 71.2% और महिला साक्षरता 51.8% है।

110. बिहार का सर्वाधिक सिंचित जिला कौन है?

(a) गया (b) पलामू
(c) धनवाद (d) हजारीबाग

Ans. (b) : प्रश्नकाल के दौरान बिहार का सर्वाधिक सिंचित जिला पलामू था, किन्तु विभाजन के पश्चात बिहार का सर्वाधिक सिंचित जिला भोजपुर है। बिहार में कुल सिंचाई क्षमता 35.36 लाख हेक्टेयर है। सिंचाई के साधनों में नहर और नलकूप का महत्वपूर्ण स्थान है।

111. बिहार में सोना मिलता है-

(a) पलामू जिला में (b) सिंहभूम जिला में
(c) गया जिला में (d) आरा जिला में

Ans. (b) : बिहार विभाजन से पूर्व बिहार में सर्वाधिक सोना सिंहभूमि जिला में पाया जाता था किन्तु वर्तमान में बिहार राज्य में सोना मुंगेर जिले के करमटिया में मिलता है।

129. दामोदर घाटी निगम की स्थापना हुई थी-

(a) 1943 में (b) 1948 में
(c) 1956 में (d) 1958 में

Ans. (b) : दामोदर घाटी निगम भारत की बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है। इस निगम की स्थापना 7 जुलाई 1948 को भारत की प्रथम बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना के रूप में हुई। दामोदर नदी घाटी निगम के प्राथमिक उद्देश्य-बाढ़ नियंत्रण व सिचाई, विद्युत उत्पादन, वनीकरण आदि है।

130. भारत को विविधता में एकता का देश कहा जाता है, क्योंकि-

(a) यहाँ अनेक राज्यों के साथ एक केंद्रीय सरकार है
(b) यहाँ के निवासी विभिन्न धर्मों और जातियों से संबंधित है
(c) यहाँ पर सर्वसामान्य ऐतिहासिक विरासत के साथ विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विशेषताएँ है
(d) यहाँ पर उपमहाद्वीप की सीमा में विभिन्न प्रकार की स्थल आकृतियाँ है

Ans. (c) : भारत के विविधता में एकता का देश कहा जाता है क्योंकि यहां पर सर्वमान्य ऐतिहासिक विरासत के साथ विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विशेषताएं है। भारत विभिन्न संस्कृति, नस्ल, भाषा और धर्म का देश है। यहां अलग-अलग जीवन शैली और तरीकों के लोग एक साथ रहते हैं।

131. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव कौन थे?

(a) यू थॉट (b) कुर्त वाल्डहाइम
(c) हैग हैमरशोल्ड (d) त्रिगवेली

Ans. (d) : संयुक्त राष्ट्र एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है जो अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, मानव अधिकार और विश्व शान्ति के लिए कार्यरत है। इसकी स्थपना 24 अक्टूबर, 1945 को सैन फ्रांसिस्को, संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव त्रिग्वेली थे। वर्तमान में इसके महासचिव एंटोनियो गुटेरस है।

132. 'Heart of India' पुस्तक के लेखक हैं-

(a) चेस्टर बोल्स (b) मार्क टुली
(c) जे.के. गालब्रेथ (d) गुन्नार मिर्डल

Ans. (b) : Heart of India पुस्तक के लेखक मार्क टुली है। सर विलियम 'मार्क टुली' BBC के नई दिल्ली स्थित ब्यूरो के पूर्व अध्यक्ष थे। इन्हें 1992 में पद्म श्री तथा 2005 में पद्म भूषण सम्मान से नवाजा गया।

133. भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की जांच कर रहे जैन आयोग ने अपना प्रतिवेदन समर्पित किया-

(a) 7 मार्च, 1998 को (b) 8 मई, 1998 को
(c) 9 अप्रैल, 1998 को (d) 10 जून, 1998 को

Ans. (a) : 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद इस हत्या की जांच के लिए जैन आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग ने अपना प्रतिवेदन 7 मार्च 1998 को सरकार को समर्पित किया।

134. हिन्दुस्तान ऐयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित हेलिकॉप्टर का नाम है-

(a) चेतक (b) बाज
(c) ईगल (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड भारत का एक सार्वजनिक क्षेत्र का प्रतिष्ठान है जो हवाई संयंत्र निर्माण करता है। इसका मुख्यालय बेंगलूरू में है। HAL की आपूर्तियां/सेवाएँ प्रमुख रूप से भारतीय रक्षा सेनाओं, तटरक्षक तथा सीमा सुरक्षा बल के लिए है। चेतक हेलीकाप्टर HAL द्वारा विकसित किया गया है।

135. श्रीमती अरुणा आसफ अली को भारत रत्न पुरस्कार प्रदत्त हुआ था, वर्ष-

(a) 1995 के लिए (b) 1996 के लिए
(c) 1997 के लिए (d) 1998 के लिए

Ans. (c) : अरूणा आसिफ अली भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थी। महात्मा गांधी के आह्वान पर हुए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में अरूणा आसिफ अली ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया था। अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए इन्हे वर्ष 1997 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

136. गोल्डेन जुबली अकाई कप का संबंध है-

(a) पोलो से (b) लॉन टेनिस से
(c) हॉकी से (d) क्रिकेट से

Ans. (d) : गोल्डन जुबिली अकाई कप का सम्बन्ध क्रिकेट से है। जबकि हॉकी से बेटन कप, नेहरू ट्राफी, वेलिंग्टन कप, आगाखां कप सम्बन्धित है। ऐजार कप, राधामोहन कप का समबन्ध पोलों से है तथा डेविस कप का सम्बन्ध लान टेनिस से है।

137. 'A Brush with Life' आत्मकथा है-

(a) एम.एफ. हुसैन की (b) सतीश गुजराल की
(c) आई.के. गुजराल की (d) अमुता शेरगिल की

Ans. (b) : A Brush with Life सतीश गुजराल की आत्मकथा है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी सतीश गुजराल एक चित्रकार, मूर्तिकार, लेखक और वास्तुकार है। भारत सरकार ने कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सन 1999 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

138. श्रीमती विजयाराजे सिंधिया की आत्मकथा का शीर्षक था-

(a) राजपथ और लोकपथ (b) राज और लोक
(c) राजपथ के लोकपथ पर (d) स्वराज और लोकराज

Ans. (c) : श्रीमती विजयाराजे सिंधिया की आत्मकथा का शीर्षक 'राजपथ से लोकपथ पर' है। इस पुस्तक की लेखिका मृदुला सिन्हा है। हाल ही में इस पुस्तक पर बनी फिल्म 'एक थी रानी ऐसी भी' का ट्रेलर लांच किया गया है।

139. 'टाइटेनिक' फिल्म के निर्देशक थे-

(a) जैक निकल्सन (b) जेम्स कैमेरून
(c) स्टीफन स्पीलबर्ग (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (b) : टाइटेनिक फिल्म अमरीकन निर्देशक जेम्स कैमरून के निर्देशन में 1997 में बनी थी। 2012 में यह फिल्म थ्री डी इफेक्ट के साथ फिर से रिलीज हुई। फिल्म टाइटेनिक अटलांटिक महासागर में टाइटेनिक नामक जहाज के विशाल हिमखण्ड से टकराकर डूब जाने पर आधारित है। टाइटेनिक फिल्म प्रेम पर आधारित एक रहस्यमयी कहानी थी जो अपने अंत के कारण हमेशा चर्चा में रही। इस फिल्म को 1999 में ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

140. 'स्वर्ण अश्व' जिस फिल्मोत्सव में प्रदत्त होता है वह आयोजित हैं-

(a) बर्लिन में (b) कॉन में
(c) ताइवान में (d) टोक्यो में

Ans. (c) : स्वर्ण अश्व (गोल्डेन हार्स) फिल्म महोत्सव ताइवान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला एक फिल्म पुरस्कार समारोह है। इसकी स्थापना 1962 में ताइवान के सरकारी सूचना कार्यालय द्वारा की गयी थी। यह समारोह नवम्बर दिसम्बर में ताइपे में आयोजित किया जाता है।

141. 1729 को दो प्राकृतिक संख्याओं के घनों के योग के रूप में लिखा जा सकता है, इन संख्याओं में एक है-

(a) 7 (b) 9
(c) 11 (d) 13

Ans. (b) : माना दो प्राकृतिक संख्याएं = x व y

$x^3+y^3 = 1729 = 1000 + 729$

$= (10)^3 + (9)^3$

तुलना करने पर,

$x = 10$

$y = 9$

अतः उपर्युक्त विकल्पों में से अभीष्ठ संख्या 9 होगी।

142. एक व्यक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान तक 6 किमी. प्रति घंटा की समान चाल से जाता है तथा 4 किमी. प्रति घंटा की समान चाल से वापस आता है। पूरी यात्रा में उसकी औसत चाल, किमी. प्रति घंटा में है-

(a) 4.8 (b) 4.898
(c) 5.0 (d) 10.0

Ans. (a) : अभीष्ठ औसत चाल $= \frac{2xy}{x+y}$

$= \frac{2\times6\times4}{6+4}$

$= \frac{48}{10}$

अभीष्ठ चाल = 4.8 किमी/घण्टा

143. एक कीड़ा 10 मीटर ऊँचे खम्भे पर चढ़ता है वह प्रथम मिनट में 3 मीटर ऊपर चढ़ता है, परंतु द्वितीय मिनट में 2 मीटर नीचे की ओर फिसल जाता है। फिर तृतीय मिनट में 3 मीटर ऊपर चढ़ता है और चौथे मिनट में 2 मीटर नीचे फिसलता है। यही प्रक्रिया होती रहती है। वह खम्भे में शीर्ष पर निम्नलिखित समय में पहुँचेगा-

(a) 15 मिनट (b) 17 मिनट
(c) 19 मिनट (d) 20 मिनट

Ans. (a) : कीडा प्रथम मिनट में चढ़ता है = 3 मी.

और दूसरे मिनट में फिसलता है = 2 मी.

तब दो मिनट में कुल तय दूरी = 1 मी.

⇒ 14 मिनट में तय दूरी = 7 मीटर

और अगले 15वें मिनट में तय दूरी = 7 + 3

= 10 मी.

अतः खम्भे के शीर्ष तक पहुंचने में कीडा को 15 मिनट लगेगा।

144. एक परीक्षा में A को 30% अंक प्राप्त होते हैं, किन्तु वह 60 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है, जबकि B को 45% अंक प्राप्त होते हैं और इस प्रकार वह आवश्यक न्यूनतम उत्तीर्ण अंकों से 15 अंक अधिक पाता है। न्यूनतम उत्तीर्णांक है-

(a) 150 (b) 175
(c) 210 (d) 225

Ans. (c) : माना पूर्णांक = M

परीक्षा में A को पास होने के लिए न्यूनतम आवश्यक अंक

= M का 30% + 60

$= \frac{30M}{100} + 60$ ....(i)

तथा B को पास होने के लिए न्यूनतम आवश्यक अंक

= M का 45% –15

$= \frac{45M}{100} - 15$ ....(ii)

∵ दोनों को पास होने के लिए न्यूनतम अंक ही चाहिए।

अतः समी. (i) व (ii) बराबर होंगे

$\frac{30M}{100} + 60 = \frac{45M}{100} - 15$

$\frac{15M}{100} = 75$

पूर्णांक M = 500

तब न्यूनतम अभीष्ट उत्तीर्णांक $= \frac{30 \times 500}{100} + 60$

$= 150 + 60$

$= 210$

145. 21 घड़ियों का क्रय मूल्य 18 घड़ियों के विक्रय मूल्य के बराबर है, प्रतिशत लाभ है-

(a) $14\frac{2}{7}$ (b) $16\frac{2}{3}$

(c) 3 (d) 5

Ans. (b) : अभीष्ट प्रतिशत लाभ $= \frac{3}{21} \times 100$

$= \frac{100}{7} = 14\frac{2}{7}\%$

146. यदि एक गोले का व्यास दोगुना कर दिया जाए, तो उसका आयतन बढ़ जाएगा-

(a) 100% (b) 200%

(c) 500% (d) 700%

Ans. (d) : गोले का आयतन (v) = $\frac{4}{3}\pi r^3$

जहाँ त्रिज्या = r

अब त्रिज्या R= 2r (व्यास दो गुना होने पर)

तब आयतन $V = \frac{4}{3}\pi(2r)^3$

$= 8.\frac{4}{3}\pi r^3$

V = 8v

आयतन में वृद्धि = 8v – v

= 7v

अभीष्ट प्रतिशत वृद्धि $= \frac{7v \times 100}{v}$

= 700%

147. चक्रवृद्धि ब्याज पर एक धन पांच वर्षों में अपने का दोगुना हो जाता है। यह अपने का आठ गुना जाएगा-

(a) 10 वर्षों में (b) 12 वर्षों में

(c) 15 वर्षों में (d) 20 वर्षों में

Ans. (c) :

माना P = मूलधन, A = मिश्रधन, R = ब्याज दर, T = समय

$A = P\left(1 + \frac{R}{100}\right)^T$

प्रश्नानुसार $2P = P\left(1 + \frac{R}{100}\right)^5$

$\left(1 + \frac{R}{100}\right) = (2)^{1/5}$ ....(i)

अब मूलधन 8 गुना होने पर,

$8P = \left(1 + \frac{R}{100}\right)^t$

$8 = (2)^{t/5}$ ....[समी (i)]

$2^{t/5} = 2^3$

t/5 = 3 (तुलना करने पर)

अभीष्ट समय t = 15 वर्ष

148. A एक काम को 10 दिनों में कर सकता है तथा B उसी कार को 15 दिनों में कर सकता है। A तथा B दोनों ने यह काम करना प्रारंभ किया, किन्तु 4 दिनों क बाद A ने काम करना छोड़ दिया। B काम को पूरा करेगा-

(a) 3 दिनों में (b) 4 दिनों में

(c) 5 दिनों में (d) 6 दिनों में

Ans. (c) : माना काम पूरा होता है = x दिन

A का एक दिन का काम = 1/10

B का एक दिन का काम = 1/15

प्रश्नानुसार,

A का 4 दिन का काम + B का (x+4) दिना का काम = पूरा काम

$\frac{4}{10} + \frac{4}{15} + \frac{x}{15} = 1$

$\frac{x}{15} = 1 - \frac{2}{3} = \frac{1}{3}$

x = 5 दिन

149. 128 मी. तथा 132 मी. लम्बी दो रेलगाड़ियाँ क्रमशः 42 किमी. प्रति घंटा तथा 30किमी. प्रति घंटा की चाल से समानांतर रेखाओं में विपरीत दिशा में चल रही हैं। उनके मिलने के समय से वे एक-दूसरे को पार कर लेगी-

(a) 10 सेकण्ड में (b) 11 सेकण्ड में

(c) 12 सेकण्ड में (d) 13 सेकण्ड में

Ans. (d) : रेलगाड़ी की सापेक्ष चाल = 42 + 30

= 72 km/H

$= 72 \times \frac{5}{18} m/s$

V = 20 m/s

कुल दूरी = 128 + 132 = 260 m

अभीष्ट समय $= \frac{260}{20} = 13 Sec$

150. एक संख्या को 391 से भाग देने पर शेष 58 आता है, उसी संख्या को 17 से भाग देने पर शेष आएगा-

(a) 5 (b) 7 (c) 9 (d) 11

Ans. (b) : संख्या = 391x + 58

= 17×23x + [17 × 3 + 7]

= 17(23x + 3) +7

अतः संख्या में 17 से भाग देने पर 7 शेष बचेगा।

बिहार लोक सेवा आयोग (प्री.) परीक्षा 2005
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (CDPO)
सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान
व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 25.09.2005)

1. नालंदा विश्वविद्यालय ज्ञान का महान केन्द्र था–
(a) बौद्ध धर्म का (b) जैन धर्म का
(c) वैष्णव धर्म का (d) तंत्र का

Ans. (a) : नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त शासक कुमारगुप्त प्रथम ने किया था। यह प्राचीन भारत में बौद्ध धर्म के ज्ञान का महान केन्द्र था।

2. अजातशत्रु के वंश (Dynasty) का नाम क्या था?
(a) मौर्य (b) हर्यंक
(c) नन्द (d) गुप्त

Ans. (b) : हर्यंक वंश का संस्थापक बिम्बिसार था। बिम्बिसार का पुत्र अजातशत्रु इस वंश का सर्वाधिक महत्वपूर्ण शासक हुआ, जिसने काशी व वैशाली को हराकर मगध साम्राज्य में शामिल किया।

3. वे शिक्षक, जिनसे बुद्ध ने महाभिनिष्क्रमण (Renunciation) के बाद सबसे पहले ज्ञान-प्राप्ति का प्रयास किया है–
(a) कौण्डिन्य एवं कालदेवल
(b) आनन्द एवं अश्वघोष
(c) आलारकालाम एवं उद्दक रामपुत्त
(d) सारिपत्त एवं नागसेन

Ans. (c) : गृह त्याग के उपरांत बुद्ध 7 वर्ष तक ज्ञान की खोज में इधर-उधर भटकते रहे। सर्वप्रथम वैशाली के समीप अलारकलाम नामक संन्यासी के आश्रम में गए, इसके बाद उद्धक रामपुत्र के यहाँ गए।

4. मौर्य वंश का अन्तिम शासक कौन था?
(a) अशोक (b) समुद्रगुप्त
(c) बृहद्रथ (d) पुष्यमित्र

Ans. (c) : मौर्य वंश का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य था। इस वंश का सबसे महान शासक अशोक हुआ। 185 ई.पू. में मौर्य सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने अंतिम मौर्य शासक बृहद्रथ की हत्या कर शुंग वंश की स्थापना की।

5. वह स्थान जहाँ महावीर ने पूर्ण आध्यात्मिक ज्ञान (कैवल्य ज्ञान) प्राप्त किया है–
(a) कुंडग्राम (b) वैशाली
(c) गया (d) जम्भिकग्राम

Ans. (d) : 12 वर्ष तक कठोर तपस्या के बाद 42 वर्ष की अवस्था में महावीर को जम्भिकग्राम के समीप ऋजुपालिका नदी के तट पर एक साल वृक्ष के नीचे कैवल्य प्राप्त हुआ।

6. 'अंग' जनपद की राजधानी थी–
(a) चम्पा (b) रामग्राम
(c) कपिलवस्तु (d) कुंडग्राम

Ans. (a) : 16 महाजनपदों में अंग महाजनपद का महत्वपूर्ण स्थान था, जिसकी राजधानी चंपा थी। बिम्बिसार अंग राज्य को जीतकर उसे मगध में मिला लिया और अपने पुत्र अजातशत्रु को वहाँ का शासक नियुक्त किया।

7. गौतम बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था?
(a) कुण्डग्राम में (b) पाटलिपुत्र में
(c) लुम्बिनी में (d) वैशाली में

Ans. (c) : बौद्ध धर्म के प्रवर्तक महात्मा बुद्ध का जन्म नेपाल की तराई में स्थित कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक ग्राम में शाक्य क्षत्रिय कुल में 563 ई. पूर्व में हुआ था।

8. कल्हण की पुस्तक का नाम क्या है।
(a) अर्थशास्त्र (b) इंडिका
(c) पुराण (d) राजतरंगिणी

Ans. (d) : ऐतिहासिक रचनाओं में सर्वाधिक महत्व कश्मीरी कवि कल्हण द्वारा राजतरंगिणी (1149-50) का है। यह संस्कृति साहित्य में ऐतिहासिक घटनाओं के क्रमबद्ध इतिहास लिखने का प्रथम प्रयास है।

9. अजातशत्रु के शासनकाल (Reign) में प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन किस नगर में किया गया था।
(a) राजगृह (b) मगध
(c) पाटलिपुत्र (d) कश्मीर

Ans. (a) : अजातशत्रु के शासनकाल में 483 ई. पू. में राजगृह के सप्तपर्णी गुफा में महाकस्सप की अध्यक्षता में प्रथम बौद्ध संगीति आयोजित हुई।

10. 'अर्थशास्त्र' नामक पुस्तक का लेखक कौन था?
(a) बाणभट्ट (b) कौटिल्य
(c) कल्हण (d) विशांखदत्त

Ans. (b) : कौटिल्य (चाणक्य), प्रथम मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य का प्रधानमंत्री था, जिसने अर्थशास्त्र नामक पुस्तक की रचना की।

11. 'पृथ्वीराज रासो' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई?
(a) कालिदास (b) बाणभट्ट
(c) चन्द्रबरदाई (d) कल्हण

Ans. (c) : चन्द्रबरदाई चौहान वंश के शासक पृथ्वीराज तृतीय (पृथ्वीराज चौहान) का राजकवि था। इसने पृथ्वीराज रासो नामक अपभ्रंश महाकाव्य की रचना किया।

12. अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण (Invasion) के समय चित्तौड़ का शासक कौन था?
(a) मलिक काफूर (b) राणा रतन सिंह
(c) रामचन्द्र देव (d) प्रतापरुद्र

Ans. (b) : अलाउद्दीन खिलजी के 1303 ई. में चित्तौड़ विजय के समय वहाँ का शासक राणा रतन सिंह था। अलाउद्दीन ने चित्तौड़ विजय कर इसका नाम खिज्राबाद (अपने पुत्र खिज्र खाँ के नाम पर) रखा।

13. मुगल प्रशासन में 'मुख्य काजी' था–
(a) मुख्य न्यायाधीश
(b) सैन्य अधिकारी
(c) विदेशी विभाग का प्रमुख
(d) लोक आचरण का एक पदाधिकारी

Ans. (a) : मुगल बादशाह सभी मुकदमों का निर्णय स्वयं नहीं कर सकते थे इसलिए उन्होंने राजधानी में एक मुख्य काजी (मुख्य न्यायाधीश) नियुक्ति किया जो मुस्लिम कानून के अनुसार न्याय करता था।

14. भारत में मुगल वंश का संस्थापक कौन था?
(a) हुमायूँ (b) औरंगजेब
(c) अकबर (d) बाबर

Ans. (d) : भारत में मुगल वंश का संस्थापक बाबर (1526-30) था। बाबर ने पानीपत के प्रथम युद्ध (21 अप्रैल, 1526 ई.) में इब्राहिम लोदी को पराजित कर भारत में मुगल वंश की स्थापना की।

15. खिलजी वंश का प्रथम शासक कौन था?
(a) जलालुद्दीन खिलजी (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) बलबन (d) रजिया सुल्तान

Ans. (a) : जलालुद्दीन खिलजी ने बलबन के उत्तराधिकारी शासक कैकुबाद की 1290 ई0 में हत्या कर स्वयं को शासक घोषित किया और खिलजी वंश की स्थापना किया।

16. भारत में 'अभिनव भारत' नामक एक गुप्त संगठन (Secret Society) अंग्रेजों का मुकाबला करने के लिए किसने संगठित किया था।
(a) मंगल पाण्डे (b) भगत सिंह
(c) वी.डी. सावरकर (d) खुदीराम बोस

Ans. (c) : अभिनव भारत समिति 1904 में वी.डी.सावरकर द्वारा स्थापित एक गुप्त समाज था। प्रारम्भ में इसकी स्थापना नासिक में 'मित्र मेला' के रूप में हुई थी।

17. इनमें से किस काल में 'स्वदेशी आंदोलन' का भारत मे उत्थान (Fillip) हुआ?
(a) जलियाँवाला बाग त्रासदी का विरोध
(b) बंगाल के विभाजन का विरोधी आंदोलन
(c) गांधी जी का चम्पारण सत्याग्रह
(d) रौलट एक्ट विरोधी आंदोलन

Ans. (b) : 20 जुलाई, 1905 को बंगाल विभाजन के निर्णय की घोषणा हुई। फलस्वरूप 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता के टाऊन हाल में स्वदेशी आंदोलन की घोषणा हुई तथा बहिष्कार प्रस्ताव पारित हुआ।

18. भारत की आजादी के समय ब्रिटेन में निम्नलिखित राजनीतिक पार्टियों में से कौन-सी पार्टी सत्ता में थी?
(a) कंजरवेटिव पार्टी (b) लिबरल पार्टी
(c) लेबर-लिबरल गठन (d) लेबर पार्टी

Ans. (d) : भारत की आजादी के समय ब्रिटेन में लेबर पार्टी सत्ता में थी और इसके नेता (प्रधानमंत्री) क्लीमेंट एटली ने जून, 1948 तक भारत छोड़ने की घोषणा की थी जिसे आगे 15 अगस्त, 1947 किया गया।

19. भारत से अंग्रेजों के कदम उखाड़ने के लिए 'रेड शर्टस आंदोलन' किसने आरम्भ किया था?
(a) खान अब्दुल गफ्फार खान
(b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) सुभाष चन्द्र बोस
(d) बाल गंगाधर तिलक

Ans. (a) : रेड शर्टस आंदोलन (लाल कुर्ती आंदोलन) खान अब्दुल गफ्फार खाँन ने संगठित किया था जिसने पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत के मुसलमानों में सविनय अवज्ञा आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी।

20. निम्नलिखित में से किसका नाम 1857 ई. के आंदोलन से जुड़ा है?
(a) भगत सिंह (b) तात्या टोपे
(c) बी.जी. तिलक (d) जी. के गोखले

Ans. (b) : तात्या टोपे का वास्तविक नाम 'रामचन्द्र पांडुरंग' था। ये कानपुर विद्रोह के नेता नाना साहब के सहायक थे। ग्वालियर के पतन के बाद 1859 में वे नेपाल चले गए।

21. राउंड टेबल कॉन्फ्रेन्स के समय इंग्लैंड का प्रधानमंत्री कौन था?
(a) सर विन्स्टन चर्चिल (b) क्लीमेन्ट एटली
(c) हैरल्ड विल्सन (d) जेम्स रेम्जे मैकडोनाल्ड

Ans. (d) : गोलमेज सम्मेलन के समय रैमजे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन के प्रधानमंत्री तथा सैमुअल होर भारत सचिव थे।

22. भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली कब बदली गई?
(a) 1912 ई. में (b) 1916 ई. में
(c) 1920 ई. में (d) 1908 ई. में

Ans. (a) : दिल्ली दरबार (1911) में बंगाल विभाजन को रद्द करने और कलकत्ता की जगह दिल्ली को राजधानी बनाने की घोषणा हुई। फलस्वरूप 1 अप्रैल, 1912 को दिल्ली को भारत की राजधानी बनायी गयी।

23. पिट्स इंडिया एक्ट ब्रिटिश संसद द्वारा कब पारित (Passed) हुआ था।
(a) 1783 ई. में (b) 1833 ई. में
(c) 1784 ई. में (d) 1853 ई. में

Ans. (c) : ब्रिटिश संसद ने कंपनी के ऊपर अपने प्रभाव को और मजबूत करने के उद्देश्य से 1784 ई. में पिट्स इंडिया एक्ट पारित किया। इसमें कंपनी के व्यापारिक एवं राजनीतिक क्रियाकलाप को एक दूसरे से अलग कर दिया गया।

24. 'वंदे मातरम्' बंकिम चन्द्र चटर्जी के कौन से उपन्यास का भाग था, जिसने लाखों भारतीयों को देशभक्ति के लिए प्रोत्साहित किया–
(a) स्वराज (b) शकुन्तला
(c) आनंद मठ (d) गीता राहस्य

Ans. (c) : वन्दे मातरम बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा संस्कृत-बांग्ला मिश्रित भाषा में रचित इस गीत का प्रकाशन 1882 में उनके उपन्यास आनंद मठ में अन्तर्निहित गीत के रूप में हुआ था।

25. निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसने 1943 ई. में सुभाष चन्द्र बोस को सिंगापुर में आई.एन.ए. बनाने में सहायता की?
(a) जनरल करयप्पा ने (b) जनरल मोहन सिंह ने
(c) जनरल मानेकशों (d) जनरल जी.एस. अरोड़ा

Ans. (b) : आजाद हिंद फौज की स्थापना का विचार सर्वप्रथम मोहन सिंह के दिमाग में आया और मलाया में 1941 ई. में इसका गठन किया गया। आगे 1943 ई. में मोहन सिंह की मदद से सुभाष चन्द्र बोस को नेतृत्व मिला।